हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 26 जुलाई 2026

06 कांग्रेस का विरोध प्रदर्शनः सात गांव के किसानों ने ...



09 शांतिपूर्ण चल रहे स्कूल लोकार्पण कार्यक्रम में ...





**खबर संक्षेप**

### नशा मुक्ति युवा विकसित भारत अभियान के तहत आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित मेरा युवा भारत सीहोर द्वारा 'नशा मुक्ति युवा विकसित भारत अभियान' के तहत जिले के युवाओं के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ नशा मुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत लोकगीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद, लघु फिल्म/रील निर्माण, नारा लेखन तथा कविता पाठ सहित 08 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के सीहोर जिले के युवा भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक युवाओं को माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 27 जुलाई निर्धारित की गई है। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को 14 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय नशा मुक्ति युवा कॉन्क्लेव में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

### कुबेरेश्वरधाम पर दूसरे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# गुरु पूर्णिमा महोत्सवः श्रद्धालुओं के लिए दस अस्थाई ट्रेन व 24 स्थाई ट्रेनों का होगा स्टॉपेज

### देवशयनी ग्यारस पर विठलेश सेवा समिति ने वितरित की 200 क्विंटल फलहारी खिचड़ी, 60 क्विंटल खीर और 50 क्विंटल से अधिक फलहारी मिक्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

इस वर्ष भी आस्था और उत्साह के साथ जिला मुख्यालय के समीपस्थ करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में आयोजित छह दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। देशभर से पहुंचे दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने शिव महापुराण कथा का श्रवण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे धाम में दिनभर हर-हर महादेव और शिवभक्ति के जयघोष गूंजते रहे। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति ने देव शयनी एकादशी पर यहां पर आने वाले लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का प्रसादी का वितरण किया।

श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए रेल प्रशासन ने सीहोर रेलवे स्टेशन पर 10 अतिरिक्त ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराया है। इसके साथ ही अब दो दर्जन से अधिक ट्रेनों का सीहोर स्टेशन पर स्टॉपेज उपलब्ध हो गया है, जिससे विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिल रही है। देवशयनी ग्यारस के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विठलेश सेवा समिति द्वारा विशाल फलाहार प्रसादी की व्यवस्था की गई। समिति के सेवादारों ने पूरे दिन श्रद्धालुओं के बीच लगभग 200



क्विंटल फलहारी खिचड़ी, 60 क्विंटल खीर तथा 50 क्विंटल से अधिक फलहारी मिक्चर का वितरण किया। हजारों सेवादार सेवा कार्यों में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जुटे रहे।

शिव महापुराण के दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छा सलाहकार ही व्यक्ति को मंजिल तक पहुंचाता है। जीवन में अच्छी सलाह देने वाले बहुत कम मिलते हैं, इसलिए अपने बुजुर्गों, माता-पिता, संतों, साधकों और गुरु के वचनों पर अमल अवश्य करना चाहिए। श्री शिवाय नमस्तुभ्यं मंत्र का श्रद्धा और विश्वास के साथ जाप करने से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है तथा जीवन में धन, वैभव और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान शिव का निरंतर स्मरण, सेवा और सदाचार का जीवन अपनाने का आह्वान किया। इस संसार के प्रत्येक प्राणी के भीतर ईश्वर का वास है। इसलिए सभी के प्रति प्रेम, करुणा और सम्मान का भाव रखना चाहिए। जीवन में तीन कार्य करने का संदेश दिया। पहला, प्रतिदिन भगवान शिव को एक लोटा जल अर्पित करें। दूसरा, भगवान पर अर्पित जल का आचमन करें, जिससे रोगों के निवारण की कृपा प्राप्त होती है। तीसरा, रवि प्रदोष के दिन बेलपत्र का पौधा लगाएं, जिससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। पंडित श्री मिश्रा ने श्रद्धालुओं द्वारा भेजे गए अनेक पत्रों का वाचन भी



किया और उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने भी कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा प्रशासन की ओर से सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुचारु रूप से उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

#### 29 जुलाई को एक दिवसीय गुरुदीक्षा का आयोजन

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी 29 जुलाई को भव्य रूप से गुरु दीक्षा का महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। शिव महापुराण आगामी 28 जुलाई को समापन होगी। धाम में भक्ति, सेवा और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने शिव महापुराण का श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया, जबकि आयोजन समिति और हजारों सेवादारों ने सेवा भाव से व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संचालित किया।

## प्रभारी मंत्री ने कुबेरेश्वर धाम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**सीहोर।** कुबेरेश्वर धाम में आयोजित गुरू पूर्णिमा महोत्सव और आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने रेस्ट हाउस तथा कुबेरेश्वर धाम पर बैठक आयोजित कर आयोजन की सभी व्यवस्थाओं के संबंध में बिंदुवार चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों एवं आयोजन समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन में बाड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सभी तैयारियां चाक चौबंद रखी जाएं, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था, असुविधा अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। उनहोंने कहा कि समिति प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य सुनिश्चित करे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर बालगुरू के., एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने प्रभारी मंत्री को गुरू पूर्णिमा महोत्सव के लिए की गई व्यवस्थाओं तथा आगामी कांवड़ यात्रा के सुचारू आयोजन की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

बैठक में यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में जाम की समस्या न बने। पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन, अलग-अलग पार्किंग जोन निर्धारण तथा वाहनों की सुव्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित की जाए। हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर प्रभावी डायवर्जन प्लान लागू रहे तथा पर्याप्त संकेतक, फ्लेक्स व सूचना बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने अनाउंसमेंट सिस्टम सतत संचालित रखने तथा फायर ब्रिगेड, अग्निशमन उपकरण व आपातकालीन व्यवस्थाएं उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रवेश-निकास द्वार, पार्किंग, कंट्रोल रूम एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देश दिए। इसके साथ ही सीवन नदी से कुबेरेश्वर तक आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धामय वातावरण प्राप्त हो सके। बैठक में विधायक सुदेश राय और भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने आवश्यक सुझाव भी दिए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, एएसपी डॉ प्रशांत चौबे, एसडीएम तन्मय वर्मा, पंकज गुप्ता, सुदीप प्रजापति सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**पंडित प्रदीप मिश्रा से की चर्चा :** प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने कुबेरेश्वर धाम पर पंडित प्रदीप मिश्रा एवं आयोजन समिति के साथ बैठक कर कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्थाओं के संबंध में समिति से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं आयोजन समिति आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक व्यवस्था को समय पर पूर्ण करें, ताकि लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### सफलतापूर्वक संपन्न हुआ मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर, महिलाओं ने लिया लाभ



**सीहोर।** मेगा महिला शिविर में जिले सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परामर्श, जांच एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया अटल अस्पताल, गंगा आश्रम, सीहोर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शिविर के दौरान कुल 18 महिलाओं ने मरीजों को आधुनिक तकनीक से उपचार एवं ऑपरेशन संबंधी परामर्श भी दिया गया। शिविर के दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों द्वारा गर्भाशय संबंधी समस्याएं, अनियमित मासिक धर्म, श्वेत प्रदर, अंडाशय की गांठ सहित विभिन्न महिला रोगों की जांच की गई। आवश्यकता अनुसार मरीजों को आधुनिक तकनीक से उपचार एवं ऑपरेशन संबंधी परामर्श भी दिया गया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि शिविर का उद्देश्य महिलाओं को बेहतर एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था, जिसे क्षेत्रवासियों का भरपूर सहयोग और विश्वास प्राप्त हुआ। बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता ने इस आयोजन को सफल बनाया। अटल अस्पताल प्रबंधन ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी चिकित्सकों, मेडिकल स्टाफ, सहयोगी कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी जनहित में ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## आर्थिक तंगी से परेशान युवक, वीडियो रिकॉर्ड कर दी जान, 30 लाख से ज्यादा बकाया बताकर प्रताड़ना के आरोप लगाए

**सीहोर।** आर्थिक तंगी और लेन-देन से परेशान होकर सीहोर में सुमेर पंवार नाम के एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करने के बाद आत्महत्या कर ली। वीडियो में उसने अपनी आर्थिक स्थिति, बकाया रकम और मानसिक प्रताड़ना का जिक्र करते हुए जान देने की बात कही थी।

बुधनी के एसडीओपी रवि शर्मा ने इस मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि कोठरापिपलिया क्षेत्र के निवासी सुमेर पंवार ने जहर खा लिया था। उपचार के लिए उन्हें भेरूंदा ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक सुमेर पंवार ने अपने वीडियो में आपबीती बताते हुए आरोप लगाया कि उसने बाजार में लोगों से ली गई मूल रकम चुका दी थी, लेकिन ब्याज वसूलने वाले लोग उसे लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। वीडियो के अनुसार, कई लोगों



के पास सुमेर पंवार की लगभग 30 लाख रुपए से अधिक की रकम बकाया है, जिसका भुगतान उसे अभी तक नहीं मिला था। उसने अपनी आर्थिक देनदारियों और दबाव के चलते अपनी कांकरिया वाली जमीन, अन्य संपत्ति और यहां तक कि घर की गाड़ियां भी बेच दी थीं।

आत्महत्या से पहले जारी किए गए इस वीडियो में सुमेर पंवार ने कई लोगों के नाम और उनसे संबंधित रकम का स्पष्ट उल्लेख किया है। उसने बताया कि महेंद्र पटेल पर उसके 25 लाख रुपए बकाया हैं, जिसके कारण उसकी घर-गृहस्थी और संपत्ति प्रभावित हुई। जगदीश चौहान पर भी 25 लाख रुपए और इंद्र कुमार पर 6 लाख रुपए बकाया हैं।

सुमेर ने यह भी आरोप लगाया कि बलराम पटेल ने 35,000 रुपए के बदले 60,000 रुपए बनाकर वसूले, जिसमें से वह 4.5 लाख रुपए दे चुका था। रामबाबू पटेल के पास उसकी जीप और स्कूटी खड़ी है, जिसे परिजनों को सौंपने की बात उसने वीडियो में कही। उसने 6.5 लाख या 1 लाख रुपए के लेन-देन का भी जिक्र किया। मृतक ने कहा कि वह लगातार मिल रही प्रताड़ना और ब्याज के दबाव से तंग आकर यह कदम उठा रहा है। उसने अपने परिजनों से अपील की कि उसकी गाड़ियां और बकाया पैसे वापस प्राप्त किए जाएं।

### खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए जा रहे दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बाजार में विक्रय हो रहे दूध एवं दुग्ध उत्पादों पर विशेष निगरानी रखते हुए दुकानों, डेरियों एवं फैक्ट्रियों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आष्टा के महाकाल मार्ट, अष्टविनायक डेयरी, मां शारदा दूध डेयरी, श्री नेमी गोपाल डेयरी, श्री सेंधव डेयरी तथा मिल्क चिलिंग सेंटर का निरीक्षण कर घी, दूध, दही एवं मट्ठा के नमूने लिए। इसी प्रकार ग्राम चिन्होंठा स्थित मां पार्वती मिल्क प्रा. लि., सीहोर स्थित श्याम डेयरी से मिक्स मिल्क, पनीर, मावा एवं दूध, ग्राम छपरी स्थित महालक्ष्मी डेयरी से भैंस के दूध तथा पवन श्री इंटरनेशनल प्रा. लि., सीहोर से मिक्स मिल्क के नमूने भी संग्रहित किए गए। संग्रहित सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए व्यवसाय संचालित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### किसानों की समस्याओं का शीघ्र हो निराकरणःजगदीश चौहान

# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा, सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा निकालकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश का किसान गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है और सीहोर जिले के किसान भी इससे अछूते नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों द्वारा खून-पसीने की मेहनत से तैयार की गई मूंग की फसल की सरकारी खरीद केवल सीमित मात्रा में की जा रही है। उन्होंने मांग की कि पूर्व की व्यवस्था की तरह किसानों की मूंग का 100 प्रतिशत उत्पादन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाए।

ज्ञापन में किसानों को खाद वितरण के लिए लागू ई-टोकन प्रणाली को समाप्त कर आवश्यकता के अनुसार पारदर्शी व्यवस्था से खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है।

इसके अलावा किसानों ने जिले में बिक रही कीटनाशक, खरपतवारनाशक एवं टॉनिक दवाइयों की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। उनका कहना है कि महंगे दामों पर खरीदी गई कई दवाइयों के उपयोग से फसलों को नुकसान होने की शिकायतें मिल रही हैं। साथ ही शासकीय सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को अनावश्यक दवाइयां एवं पाउडर जबरन दिए जाने की शिकायत करते हुए इस व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग भी की गई।

ज्ञापन में किसानों के लिए पर्याप्त विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्मार्ट मीटरों के माध्यम से किसानों और आमजन पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ को समाप्त करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। किसान कांग्रेस ने सरकार से सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जगदीश चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा, ओम वर्मा, कमल सिंह पहलवान, संतोष गौर, पवन राठौर, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, लक्ष्मण सिंह सहित किसान कांग्रेस के विभिन्न ब्लॉक अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# आज होगा राजा भोज शॉपिंग कॉम्पलेक्स का लोकार्पण

### नगर पालिका ने दो करोड़ की लागत से तैयार किया आधुनिक शॉपिंग कॉम्पलेक्स, 40 दुकानदारों को आवंटित हुई दुकानें

**सीहोर।** शहर के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा भोपाल नाके पर निर्मित राजा भोज शॉपिंग कॉम्पलेक्स का लोकार्पण आज किया जाएगा। लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस आधुनिक कॉम्पलेक्स के निर्माण से शहर को एक नया और व्यवस्थित व्यावसायिक केंद्र मिलने जा रहा है। रविवार को भव्य शॉपिंग कॉम्पलेक्स का शुभारंभ किया जाएगा। इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि राजा भोज शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण से व्यापारियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ व्यवस्थित व्यापारिक वातावरण मिलेगा, वहीं नागरिकों को भी बेहतर खरीदारी की सुविधा उपलब्ध होगी। नगर पालिका भविष्य में भी शहर के समग्र विकास के लिए इसी प्रकार की जनहितकारी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाती रहेगी।




नगर पालिका द्वारा निर्मित इस शॉपिंग कॉम्पलेक्स में 40 दुकानदारों को दुकानें आवंटित की गई हैं। कॉम्पलेक्स के शुरू होने से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा नागरिकों को एक ही स्थान पर बेहतर व्यावसायिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## खबर संक्षेप



### सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 1-0 से हराया

**सीहोर।** मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में आगामी 27 जुलाई से शहर के चर्च मैदान और आवासीय खेल-कूद मैदान पर राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर गत दिनों एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया के अलावा खेल अधिकारी अता उल्ला खा, सुयश कन्नोजिया, आनंद उपाध्याय, मनोज दीक्षित मामा, दीपक बाथम, राजा शर्मा, कोच मनोज अहिरवार आदि ने आयोजन समिति का गठन किया है। वहीं शुक्रवार को जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में दो मैच खेले गए। इसमें पहले मैच में सीहोर बाइज ने रोमांचक मुकाबले में सीहोर चिल्ड्रन को 1-0 से हराया। दूसरा मैच सीनियर वर्ग में एमजी क्लब सीहोर और आरएसआई के मध्य खेला गया। इसमें आरएसआई ने 3-1 से जीत हासिल की। आगामी 27 जुलाई से होने वाली जूनियर राज्य स्तरीय बालक फुटबाल प्रतियोगिता के लिए शहर में फुटबाल खिलाड़ियों का महाकुंभ लगाया जाएगा। इसमें नीमच, इंदौर, देवास, नर्मदापुरम, भोपाल, सागर, शिवपुरी, खंडवा और सीहोर शामिल है। प्रतियोगिता में प्रतिदिन शहर के चर्च मैदान और आवासीय मैदान पर एक-एक मुकाबला खेला जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच सीहोर और शिवपुरी के मध्य खेला जाएगा। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गत दिनों जूनियर राज्य स्तरीय बालक फुटबाल प्रतियोगिता के लिए शहर के चर्च मैदान पर ट्रायल का आयोजन किया गया था, इसके पश्चात टीम का गठन किया।

### शिविर लगाकर किया गया 571 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 24 जुलाई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 364 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 207 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 86 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### दयालु अंबे को सौंपा ज्ञापन, मूंग चढ़ाकर सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना

# कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन: सात गांव के किसानों ने आठ घंटे में तय की बीस किमी की पदयात्रा

पदयात्रा छिपानेर से निकलकर रानीपूरा, चौरसाखेड़ी, धोलपुर, जमुनिया, बालागांव और रीछाड़िया सहित कई गांवों से होते हुए भैरुंदा नगर पहुंची। पूरे रास्ते ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





किसानों की समस्याओं को लेकर शनिवार को भैरुंदा क्षेत्र में कांग्रेस और किसान कांग्रेस ने बड़ा प्रदर्शन किया। करीब 20 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकालकर किसानों ने अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान एक अनोखा दृश्य भी देखने को मिला, जब दुर्गा चौक स्थित मां दयालु अंबे मंदिर में किसानों ने ज्ञापन अर्पित किया और मूंग चढ़ाकर सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की।

पदयात्रा की शुरुआत छिपानेर स्थित मां नर्मदा के दादाजी धाम आश्रम के स्नान घाट से हुई। यहां नेताओं और किसानों ने पूजा-अर्चना की और मां नर्मदा का आशीर्वाद लेकर यात्रा शुरू की। शुरुआत में ही बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता जुड़ गए, जो आगे बढ़ते-बढ़ते और बढ़ते गए।

#### गांव-गांव से जुड़ते गए किसान

यह पदयात्रा छिपानेर से निकलकर रानीपूरा, चौरसाखेड़ी, धोलपुर, जमुनिया, बालागांव और रीछाड़िया सहित कई गांवों से होते हुए भैरुंदा नगर पहुंची। पूरे रास्ते ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। कई गांवों में किसानों ने अपनी समस्याएं भी बताईं। किसानों का कहना था कि फसल बेचने में काफी दिक्कत आ रही है। उन्हें सही दाम नहीं मिल रहा और सरकारी व्यवस्था भी ठीक से काम नहीं कर रही है।

**मूंग खरीदी बना सबसे बड़ा मुद्दा :** इस पदयात्रा में सबसे बड़ा मुद्दा मूंग खरीदी का रहा। किसानों ने सरकार की 25 प्रतिशत खरीदी नीति पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सरकार को मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी करनी चाहिए। किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ खरीदी की सीमा बहुत कम रखी गई है, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही किसानों ने मक्का, धान और सोयाबीन की भी समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग उठाई।

**ई-टोकन व्यवस्था से परेशानी :** किसानों ने ई-टोकन व्यवस्था को बंद करने की मांग भी रखी। उनका कहना है कि इस व्यवस्था के कारण उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं और समय पर फसल बेच पाना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा किसानों ने खाद और बीज समय पर और पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की मांग भी की।

**दुर्गा चौक पर बैठकर किया प्रदर्शन :** पदयात्रा जब भैरुंदा नगर के दुर्गा चौक पहुंची तो यहां कुछ देर के लिए रुककर किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। सभी लोग सड़क पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। माहौल पूरी तरह आंदोलनकारी नजर आया और बड़ी संख्या में लोग एकजुट दिखे।

**मां दयालु अंबे को ज्ञापन अर्पित :** प्रदर्शन के दौरान एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। किसानों ने मां दयालु अंबे मंदिर पहुंचकर ज्ञापन अर्पित किया और मूंग चढ़ाई। किसानों ने प्रार्थना की कि सरकार को सद्बुद्धि मिले और वह किसानों की फसल की 100 प्रतिशत खरीदी करे। किसानों ने रेलवे और नेशनल हाईवे के लिए अधिग्रहित जमीन का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि उन्हें जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिल रहा। किसानों ने मांग की कि उन्हें चार गुना मुआवजा दिया जाए, जबकि अभी सिर्फ दो गुना मुआवजा दिया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन की शुरुआत है। अगर सरकार ने किसानों की मांगों को नहीं माना तो आने वाले समय में आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान अब चुप नहीं बैठेंगे और अपने हक के लिए लगातार संघर्ष करेंगे।

पूरी पदयात्रा के दौरान गांव-गांव से किसानों का समर्थन मिलता रहा। इससे कांग्रेस और किसान नेताओं का मनोबल बढ़ा है। किसानों का कहना है कि लंबे समय बाद इतनी बड़ी संख्या में किसान एक साथ सड़कों पर उतरे हैं। यह पदयात्रा गोपालपुर, लाड़कुई और भैरुंदा ब्लॉक के अध्यक्षों,सुभाष पटेल, चंदर मीणा और सुनील गोलिया,के नेतृत्व में निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में किसान, कार्यकर्ता और युवा शामिल रहे।

**मुख्य मांगें :** मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी, ई-टोकन व्यवस्था बंद, खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता, सभी फसलों की एमएसपी पर खरीदी, जमीन अधिग्रहण में 4 गुना मुआवजा शामिल हहैं।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर भैरूंदा में एनएसयूआई का जश्न, मेलोडी चॉकलेट बांटकर जताई खुशी

### दुर्गेश पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव, बोले: छात्र हितों की लड़ाई जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद शनिवार को भैरूंदा में एनएसयूआई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए अनोखे अंदाज में जश्न मनाया।

दुर्गेश पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर के प्रमुख स्थान पर एकत्रित होकर आमजन और विद्यार्थियों के बीच मेलोडी चॉकलेट वितरित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने इसे छात्र हितों की जीत बताते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान माहौल उत्साहपूर्ण रहा और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह (बिट्टू) ने कहा कि संगठन द्वारा लगातार छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को उठाया जाता रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाना समय की मांग है और इसमें छात्रों के हित सर्वोपरि होने चाहिए। वहीं छात्र नेता वीरेंद्र राजपूत ने कहा कि यह लड़ाई यहीं खत्म नहीं होने वाली है। जब-जब छात्रों पर अन्याय होगा, एनएसयूआई मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से जश्न मनाते हुए सभी से शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक सुधारों के लिए सहयोग की अपील भी की।

# कांटाफोड़ पुलिस की विवेचना पर उठ रहे सवाल, घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर दो माह के बाद भी अब तक नहीं हुआ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़




थाना कांटाफोड़ में दर्ज अपराध क्रमांक 198/2026 की विवेचना को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। फरियादी का आरोप है कि 20 मई 2026 को हुई घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस ने जब्त नहीं किया है, जबकि वह मामले का महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य है।फरियादी के अनुसार घटना के दौरान आरोपी राजेश यादव ने संकरी गली में लापरवाहीपूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए टक्कर मारकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद पांच लोगों द्वारा घर में घुसकर एक वरिष्ठ नागरिक महिला सहित अन्य लोगों के साथ मारपीट किए जाने का आरोप भी लगाया गया है।इस मामले में कांटाफोड़ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी का कहना है कि उन्होंने कई बार पुलिस से ट्रैक्टर जब्त करने और आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया, लेकिन अब तक वाहन को जब्त नहीं किया गया।फरियादी ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के समय ट्रैक्टर चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था तथा वाहन का पंजीयन और बीमा भी वैध नहीं था। उनका कहना है कि इन सभी बिंदुओं की निष्पक्ष और गहन जांच की जानी चाहिए।उन्होंने मांग की है कि मामले में शीघ्र कार्रवाई करते हुए घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को जब्त किया जाए तथा विवेचना जल्द पूरी कर न्यायोचित कार्रवाई की जाए। फरियादी ने कहा कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाएंगे। इस संबंध में थाना प्रभारी अभिषेक गौतम ने कहा, मामले की विवेचना जारी है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार ट्रैक्टर की जब्ती सहित आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह मंदिर में मनाया देवशयनी एकादशी का पर्व

**सीहोर।** शहर के प्राचीन कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर संत-महंत, साधुओं के साथ भगवान विष्णु और भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया। वहीं श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन का आयोजन किया।

दिव्य अनुष्ठान के पहले शहर के बढ़यिाखेड़ी स्थित बड़े मंदिर के महंत हरिहर दास दास, राधेश्याम मंदिर के अधिकारी बिन्दुदास महाराज का सम्मान नृसिंह मंदिर के संत माधवदास महाराज, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, सतुआ बाबा, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, आयुष गुप्ता सहित अन्य ने किया। इस मौके पर महंत ने बताया कि देवशयनी एकादशी है और इस दिन से ही भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा में क्षीर सागर में विश्राम के लिए चले जाते हैं। देवशयनी एकादशी के साथ ही चातुर्मास शुरू हो जाता है। चातुर्मास के शुरू होने के साथ ही सभी तरह के शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित हो जाते हैं। चातुर्मास के शुरू होने के साथ ही कई तरह के नियमों का पालन करना होता है।

**चार महीने तक शुभ और मांगलिक कार्य के लिए मुहूर्त नहीं :** उन्होंने बताया कि देवशयनी एकादशी के साथ ही चातुर्मास शुरू होता है और सभी तरह के शुभ कार्य चार महीनों के लिए थम जाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन से भगवान विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसी कारण इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, उपनयन और अन्य मांगलिक संस्कारों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं माने जाते। मान्यता है कि भगवान विष्णु की कृपा और साक्षी के बिना संपन्न किए गए शुभ कार्य पूर्ण फल नहीं दे पाते, इसलिए चातुर्मास के दौरान ऐसे आयोजनों से परहेज किया जाता है। जहां शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं तो वहीं चातुर्मास को साधना, भक्ति और आत्मिक उन्नति का श्रेष्ठ समय माना गया है। इस दौरान भगवान की पूजा-आराधना, जप-तप, भजन-कीर्तन, सत्संग, कथा श्रवण, भागवत पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व बताया गया है।

**राजा बलि की कथा से जुड़ा है चातुर्मास का महत्व :** चातुर्मास में भगवान विष्णु के चार महीने की योग निद्रा के पीछे एक पौराणिक कथा है। कथा के अनुसार, राजा बलि बहुत ही पराक्रमी राजा थे और उनके बढ़ते प्रभाव से देवताओं को चिंता होने लगी, तब सभी देवता भगवान विष्णु के पास गए और भगवान विष्णु ने वामन अवतार धारण कर उनसे तीन पग भूमि दान में मांगी।

राजा बलि महान दानी भी थे और बिना किसी संकोच के भगवान वामन की इच्छा स्वीकार कर ली। इसके बाद भगवान ने विराट रूप धारण किया।

# कोठरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल अस्पताल सीहोर, साहस महिला/बाल शिक्षण एवं सामाजिक विकास संस्था तथा सेवा सदन अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 26 जुलाई को नगर परिषद कोठरी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। शिविर में मेडिसिन, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, न्यूरो रोग तथा नाक-कान-गला (ईएनटी) के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार दिया जाएगा।

शिविर में डॉक्टरो के द्वारा विभिन्न प्रकार के बुखार, शुगर, बीपी, सिरदर्द, माइग्रेन, कमर व गर्दन दर्द, गठिया सहित अन्य सामान्य एवं जटिल बीमारियों का परीक्षण किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं आई ड्रॉप वितरण की व्यवस्था भी रहेगी। आयोजकों ने आयुष्मान कार्ड धारकों एवं सामान्य मरीजों से पहचान पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की है।

अटल अस्पताल प्रबंधन ने क्षेत्र के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### ग्रापं भवन लसूड़िया कांगर में आयोजित हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण

# युवा विज्ञान और नवाचार से बदल सकते हैं गांव की तकदीर : डॉ. राजकुमार मालवीय





हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

खेतों में जलने वाली नरवाई अब प्रदूषण नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई ऊर्जा बन सकती है। वैज्ञानिक सोच, स्थानीय संसाधनों का मूल्य संवर्धन और युवाओं की भागीदारी से गांव आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इसी उद्देश्य से ग्राम पंचायत भवन लसूड़िया कांगर में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम नरवाई से उद्योग, नरवाई न जलाएं, पर्यावरण बचाएं, खूब कमाएं में विशेषज्ञों ने किसानों और युवाओं को कृषि अवशेषों से हरित उद्यम स्थापित करने का प्रशिक्षण दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार मालवीय ने कहा कि आज का युवा केवल रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बन सकता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान आधारित ग्रामीण उद्यमों से गांवों की तस्वीर और अर्थव्यवस्था दोनों बदली जा सकती हैं। यदि युवा आगे आएं तो नरवाई जैसी चुनौती को अवसर में बदलकर पर्यावरण संरक्षण के साथ आय और रोजगार के नए रास्ते खोले जा सकते हैं। विषय विशेषज्ञ डॉ. राघवेन्द्र खेड़ले ने बताया कि नरवाई से मूर्तियां, कंडे और अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक नरवाई आधारित मध्यम उद्योग 15 से 20 गांवों को प्रदूषणमुक्त करने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर भी उपलब्ध करा सकता है।

अभ्युदय फाउंडेशन की अध्यक्षा शिखा खेड़ले ने कहा कि मध्यप्रदेश में किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। उनका उद्देश्य किसानों को यह समझाना है कि फसल अवशेष अपशिष्ट नहीं, बल्कि हरित अर्थव्यवस्था का मूल्यवान संसाधन हैं। देश में कई युवा कृषि अवशेषों से बायो-प्रोडक्ट, पैकेजिंग सामग्री, बायोचार और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद बनाकर सफल उद्यम खड़े कर चुके हैं। मध्यप्रदेश भी वैज्ञानिक खेती और कृषि अपशिष्ट आधारित उद्योगों के क्षेत्र में नई पहचान बना सकता है, यदि गांवों के युवा इस दिशा में पहल करें। कार्यक्रम का आयोजन अभ्युदय रिसर्च एंड सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विज्ञान भवन भोपाल के प्रायोजन तथा कर्मयोगी, मां हिंगलाज सेवा संस्थान और कर्मभूमि लोककल्याण के सहयोग से किया गया। समापन सोमवार को होगा, जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं गिफ्ट वितरित किए जाएंगे। सरपंच प्रेम बाई मदनलाल, सचिव श्रीराम वर्मा, युवा समाजसेवी सुरेश कुमार की विशेष उपस्थिति रही।

# नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर से खंगराले ने रविदास मंदिर में डॉ.अम्बेडकर प्रतिमा लगाने की मांग

**सीहोर।** म.प्र.अनुसूचित जाति जन जाति पिछड़ा वर्ग अल्प संख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को नगर पालिका सीहोर के प्रतिपक्ष नेता विवेक राठौर के साथ मिलकर अजा बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 के मुर्दी मोहल्ला डॉ.अम्बेडकर नगर में स्थित संत शिरोमणी रविदास मंदिर में संविधान निर्माता परमपुज्य डॉ.बाबा साहेब की आदम कद प्रतिमा लगाये जाने की मांग की गई है। इस अवसर पर श्री खंगराले ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पूर्व में डॉ.अम्बेडकर की आदम कद प्रतिमा अम्बेडकर पार्क में स्थापित थी, जिसे नगर पालिका द्वारा हटाकर नगर पालिका के स्टोर रूम में सुरक्षित रखा गया है, उसके स्थान पर डॉ.अम्बेडकर की पार्क में खड़ी प्रतिमा लगाई गई है, तभी से आदम कद प्रतिमा लगाये जाने की मांग खंगराले तथा वार्ड की जनता द्वारा की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा नगर पालिका में पार्षद दल की बैठक में उक्त प्रतिमा लगाये जाने का प्रस्ताव पास कर शीघ्र प्रतिमा को लगाया जावेगा। इस अवसर पर प्रतिमा लगाये जाने की मांग करने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार के.जी.बैरागी, आरती नरेन्द्र खंगराले पूर्व पार्षद, समाज अध्यक्ष मनोज फरेला, सन्नी जाटव, शुभम कचनेरिया, भगत सिंह परसैया, दीपक सोनकर, नरेन्द्र बनवैया, कमल किशोर जाटव, सतीष महोबिया, घनश्याम जाटव, नारायण परिहार, जयराम जाटव, प्रवेश परिहार, कपिल पुरविया, अभय अहिरवार, राहुल कचनेरिया, मिथुन जाटव, टीटु कचनेरिया, धर्मेन्द्र धीमान, शेरसिंह धीमान, राज खंगराले सहित समस्त वार्डवासी व जाटव समाज के लोग प्रमुख है।



### जिपं अध्यक्ष को रोकने पर सड़क पर धरना, पुलिस कांग्रेस नेताओं को ले गई थाने

# शांतिपूर्ण चल रहे स्कूल लोकार्पण कार्यक्रम में मंच तक पहुंची सियासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंगढ़

शहर में 44.54 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय के लोकार्पण समारोह में शुक्रवार को राजनीतिक घटनाक्रम ने विकास कार्यक्रम की चर्चा को पीछे छोड़ दिया।

प्रभारी मंत्री चेतन्य कश्यप की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया को पुलिस द्वारा कार्यक्रम स्थल जाने से रोके जाने पर विवाद खड़ा हो गया। इसके बाद सड़क पर धरना, पुलिस से बहस और मंच पर कहासुनी की घटनाओं से कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में पुलिस जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष और अन्य कांग्रेस नेताओं को थाने ले गई, जिसके बाद कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभारी मंत्री को काले झंडे दिखाने की तैयारी की सूचना पर पुलिस ने कार्यक्रम स्थल और आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। बस स्टैंड क्षेत्र में कांग्रेस




कार्यकर्ता एकत्रित हो रहे थे। इसी दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव और अन्य कांग्रेस पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक दिया। पुलिस का कहना था कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत केवल प्रोटोकॉल से जुड़े लोगों को ही प्रवेश दिया जा रहा है।

#### जिपं अध्यक्ष के साथ कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठ किया प्रदर्शन

जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वयं को निर्वाचित जनप्रतिनिधि बताते हुए पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताई और पूछा कि उन्हें किस आदेश के तहत रोका जा रहा है। काफी देर तक पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच बहस चलती रही। विरोध स्वरूप चंदर सिंह सौंधिया और उनके समर्थक सड़क पर बैठ गए। सूचना मिलने पर एसडीएम गोविंद दुबे और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने समझाइश देकर उन्हें कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया और कार्यक्रम में व्यवधान नहीं डालने का आग्रह किया।

#### माहौल खराब होते देख पुलिस थाने ले गई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को

*कार्यक्रम स्थल पहुंचने के बाद भी जिला पंचायत अध्यक्ष कुछ देर तक मंच के सामने जमीन पर बैठे रहे। इस दौरान विधायक मोहन शर्मा ने अपने संबोधन के बीच उन्हें मंच पर आने का आग्रह किया। इसके बाद वे मंच पर पहुंचे और प्रभारी मंत्री के समीप बैठ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंच पर किसी बात को लेकर भाजपा कार्यकर्ता और जिला पंचायत अध्यक्ष के बीच कहासुनी हो गई, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति बिगड़ती देख विधायक मोहन शर्मा ने हस्तक्षेप कर कार्यकर्ताओं को शांत कराया।इसके बाद पुलिस ने जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर्वत यादव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को थाने पहुंचा दिया। इसके बाद लोकार्पण समारोह बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि सांदीपनि विद्यालय का निर्माण 44.54 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। लोकार्पण समारोह में प्रभारी मंत्री चेतन्य कश्यप, विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, कलेक्टर गिरीश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले, जिला शिक्षा अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पुलिस का कहना है कि संभावित विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते सुरक्षा व्यवस्था के तहत यह कार्रवाई की गई।*

# भोपाल से आई टीम ने नगर के वार्ड 8 के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

### अधूरे पड़े कार्यों को दो दिन में शुरू करने के दिए निर्देश



**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा की शिकायत के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय भोपाल के अधिकारियों ने शुक्रवार को नगर के वार्ड 8 में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदारों एवं नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) दीपक रानवे को दो दिन के भीतर स्वीकृत कार्य प्रारंभ कर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि उपाध्यक्ष वर्मा ने संचालनालय को लिखित शिकायत भेजकर बताया था कि वर्ष 2023 एवं 2025-26 में स्वीकृत कई विकास कार्य आज तक शुरू नहीं किए गए हैं। जिससे वार्डवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल ने 15 जुलाई 2026 को सीएमओ दीपक कुमार रानवे को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया था। पत्र में कार्यों में लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सात दिन में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए थे।निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री जीवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने वार्ड 08 में कायाकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत सीसी सड़क निर्माण, मुख्यमंत्री अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत प्रस्तावित सड़क निर्माण तथा विशेष निधि से स्वीकृत सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पाया कि स्वीकृति मिलने और निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद कई कार्य प्रारंभ नहीं किए गए हैं।

इस दौरान अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदारों और नगर पालिका प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित विकास कार्यों को तत्काल शुरू किया जाए तथा निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि आदेशों की अवहेलना या अनावश्यक विलंब की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वार्डवासियों ने भी निरीक्षण दल के समक्ष क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए वर्षों से लंबित विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। निरीक्षण के बाद लोगों में उम्मीद जगी है कि अब लंबे समय से अटके विकास कार्य जल्द धरातल पर दिखाई देंगे।

# 190 गांवों को जल्द मिलेगा नल से जल, 39 गांवों में आपूर्ति शुरू, 46 गांव तक पहुंचा पानी



**सारंगपुर।** शुक्रवार को जनपद पंचायत सारंगपुर के सभा कक्ष में शुक्रवार को ग्राम जल प्रदाय योजना के अंतर्गत ग्राम स्तर पर संचालन एवं संधारण विषय पर दो चरणों में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों ने भाग लिया। जनपद पंचायत सीईओ हेमेन्द्र गोविल ने कहा कि ग्रामों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के सुचारु संचालन एवं संधारण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों की है।

इसके लिए मध्यप्रदेश जल निगम, संबंधित ग्राम पंचायत तथा ठेकेदार एजेंसी के बीच ओएचटी (ओवरहेड टैंक) एग्रीमेंट किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि योजना से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के निराकरण की जिम्मेदारी जल निगम एवं ठेकेदार एजेंसी की होगी, जबकि पंचायतों से भी आवश्यक सहयोग अपेक्षित रहेगा। मध्यप्रदेश जल निगम, राजगढ़ के मैनेजर सचिन दांगी ने बताया कि सारंगपुर विकासखंड के 190 गांवों को जल्द ही नल से जल योजना का लाभ मिलेगा। वर्तमान में 39 गांवों में नियमित रूप से नल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जबकि 46 गांवों तक पानी पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 86 ओवरहेड टंकियों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें से 75 टंकियों का निर्माण पूरा हो चुका है। इस दौरान एसक्यूसी (ओ एंड एम) मैनेजर सत्येंद्र जैन ने प्रशिक्षण के दौरान ओएचटी एग्रीमेंट के महत्व, प्रत्येक घर में टोंटी लगाने की आवश्यकता, जल उपभोक्ता समितियों के गठन तथा जल कर वसूली की प्रक्रिया एवं उसके महत्व की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में सरपंचों एवं सचिवों ने पेयजल योजनाओं के संचालन से जुड़ी समस्याएं एवं सुझाव भी अधिकारियों के समक्ष रखे। अधिकारियों ने सभी समस्याओं के समयबद्ध निराकरण का आश्वासन दिया। प्रशिक्षण के उपरांत 36 ग्राम पंचायतों द्वारा ओएचटी एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर भी किए गए। इस अवसर पर जल निगम एसक्यूसी के एई नीरज दांगी, असिस्टेंट मैनेजर अशोक दांगी, वाटर सप्लाई मैनेजर आदित्य शर्मा, एल एंड टी के पीएम अरुण हर्षा, असिस्टेंट इंजीनियर देवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्राथमिक सेवा सहकारी संस्था मऊ का मामला, किसान ने कहा- न खाद लिया, न कोई बकाया राशि फिर भी पत्नी के नाम भेज दी खाद की रसीद

# खाद लिया ही नहीं और कर्जदार हो गया किसान, फर्जी हस्ताक्षर से 65 हजार 917 रुपए की रसीद बनाने का आरोप


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश सरकार जहां किसान कल्याण वर्ष मनाकर किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित करने का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर किसानों पर कथित रूप से ऐसे ऋण और बकाया राशि थोपे जाने के आरोप सामने आ रहे हैं, जिन्हें उन्होंने लिया ही नहीं।

ऐसा ही एक मामला प्राथमिक सेवा सहकारी संस्था मऊ से सामने आया है। यहां किसान रमेशचंद्र ने आरोप लगाया है कि संस्था द्वारा उसकी पत्नी के नाम 65 हजार 917 रुपए की खाद की बकाया रसीद जारी कर उसके पास भेजी गई, जबकि किसान का कहना है कि उसने न तो उक्त खाद ली और न ही संस्था द्वारा उसे खाद उपलब्ध कराई गई। किसान ने रसीद पर किए गए हस्ताक्षर को भी फर्जी बताते हुए मामले की जांच की मांग की है। किसान रमेशचंद्र के अनुसार करीब दो माह पूर्व प्राथमिक सेवा सहकारी संस्था मऊ की ओर से उसकी पत्नी के नाम 65 हजार 917 रुपए की खाद की रसीद बनाकर भेजी गई।




किसान का आरोप है कि रसीद पर उसके या उसकी पत्नी के हस्ताक्षर नहीं हैं, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति से हस्ताक्षर करवाकर रसीद तैयार की गई है। किसान ने बताया कि उसके सभी शासकीय एवं निजी दस्तावेजों में उसके नाम के हस्ताक्षर हैं और करीब 30 वर्षों से उसका खाता भी सोसायटी में संचालित है। ऋण खाते के लेनदेन के दौरान भी वह स्वयं अपने हस्ताक्षर करता है। ऐसे में बिना खाद लिए उसकी पत्नी के नाम इतनी बड़ी राशि की बकाया रसीद जारी होना सवाल खड़े करता है।




किसान ने बताया कि उसके पास वर्ष 2025 की पासबुक में करीब 28 हजार रुपए की खाद संबंधी राशि केसीसी एवं खाद खाते में दर्ज थी, जिसका भुगतान वह पूर्व में कर चुका है। इसके अलावा गेहूं उपार्जन के दौरान भी बकाया राशि की कटौती कर राशि जमा कर ली गई थी। किसान का दावा है कि उसके ऊपर किसी प्रकार की बकाया राशि शेष नहीं है, इसके बावजूद संस्था की ओर से 65 हजार 917 रुपए की खाद की रसीद भेजी गई।

#### जांच के बाद सामने आएगी वास्तविकता

किसान ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह पता लगाने की मांग की है कि उसके परिवार के नाम पर खाद की रसीद किस आधार पर बनाई गई और उस पर हस्ताक्षर किसने किए। किसान का कहना है कि यदि उसने खाद ली ही नहीं तो उसके नाम पर इतनी बड़ी राशि का बकाया कैसे दर्शाया गया। मामले की जांच होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि रसीद किस आधार पर जारी की गई और उस पर किए गए हस्ताक्षर वास्तविक हैं या नहीं। किसान ने समाचार पत्र के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने तथा उसके नाम पर दर्शाई गई कथित बकाया राशि को निरस्त करने की मांग की है।

#### आरोप निराधार

किसान द्वारा सोसायटी पर लगाए जा रहे सभी आरोप निराधार हैं। रमेशचंद्र और उसकी पत्नी पर पुराना बकाया ड्यू था, बावजूद इसके हमने उन्हें खाद दे दिया था। अब वह बकाया जमा करने में आनाकानी कर रहे हैं।

कैलाश राजपूत, सेवा सहकारी प्रबंधक मऊ

# नगर की सब्जी मंडी से हटाए गए सड़े-गले फल-सब्जी के ढेर, समाचार के बाद मंडी सचिव आए हरकत में




सड़े गले फल सब्जियों का मंडी परिसर में लगा ढेर, बदबू से खड़ा होना भी दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर की प्रसिद्ध फल-सब्जी मंडी जो जिले में अपना प्रमुख स्थान बनाए हुए है, जिसमें पिछले लगभग दो माह से गंदगी का अंबार लगा हुआ था। मंडी परिसर में जगह-जगह सड़े-गले फल-सब्जी के ढेर लगे थे। पूरे परिसर में फल और सब्जियां खुले में फेंकी जा रही थीं, जो कचरे के ढेर के रूप में सड़कर बदबू मार रही थी। इस समस्या को समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित कर प्रशासन के संज्ञान में लाया था। खबर प्रकाशित होने के बाद मंडी प्रशासन हरकत में आया। सब्जी-फल क्रेताओं, विक्रेताओं सहित आसपास के रहवासी इस गंदगी और बदबू से काफी परेशान थे। गौरतलब है कि जीरापुर मंडी से सैकड़ों किसानों, व्यापारियों और मजदूर वर्ग की आजीविका जुड़ी है। गंदगी के कारण बीमारी फैलने का भी अंदेशा बना हुआ था। जबकि मंडी प्रशासन द्वारा प्रतिदिन फल-सब्जी पर लगने वाला टैक्स भी वसूला जाता है। इसके बावजूद साफ-सफाई नहीं हो रही थी।

इस संबंध में जब मंडी सचिव हरीप्रसाद वर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा था मामला मेरे संज्ञान में आया कल ही सफाई करवा दी जाएगी, लेकिन समाचार प्रकाशन पर भी सफाई नहीं होने पर उक्त जानकारी से तहसीलदार सोनू गुप्ता को अवगत कराया गया। जिसपर शुक्रवार को सब्जी मंडी परिसर को तुरंत सफाई कर्मचारियों को लगाया गया है और पूरे मंडी परिसर से सड़े-गले फल-सब्जी के ढेर जेसीबी एवं ट्रेक्टर ट्राली में भरकर हटवाकर साफ-सफाई करवाई गई है। यदि मण्ड़ी प्रशासन नियमित रूप से टेक्स वसूलता है तो साफ सफाई भी नियमित करवायें ताकि व्यापारियों और आमजन को परेशानी न हो।इस पहल की सराहना की और कहा कि समय पर खबर प्रकाशित होने से बड़ी समस्या का समाधान हो सका।

### गौरव दिवस पर अमर बलिदानी को किया नमन शोभायात्रा निकाल दिया गार्ड ऑफ ऑनर





**नरसिंहगढ़।** अमर बलिदानी कुंवर चैनसिंह का 202 वां बलिदान दिवस शुक्रवार को नरसिंहगढ़ गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। स्थानीय प्रशासन, नगर पालिका और आयोजक संस्था कुंवर चैनसिंह जी स्मृति समारोह समिति की ओर से इस मौके पर उनके समाधि स्थल छारबाग में कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोपहर 1 के बाद पूजा-आरती के साथ शोभायात्रा शुरू हुई। जिसमें कुंवर के बड़े चित्र के साथ स्कूली विद्यार्थी और नागरिक उनके जयकारे लगाते चल रहे थे। चल समारोह नगर के प्रमुख रास्तों से होता हुआ वापस छारबाग पहुंचा। जहां परंपरा के अनुसार कुंवर के सम्मान में पुलिस टीम ने गार्ड आफ ऑनर दिया। कार्यक्रम के बाद विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर और स्थानीय भाजपा मंडल के सदस्य भी कुंवर को श्रद्धांजलि देने आयोजन स्थल पहुंचे। आयोजन में समिति के संस्थापक जितेंद्र सिंह पंवार, अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पंवार शानू बना , विजयपाल सिंह परमार कान्हा बना, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मंजूलता शिवहरे, राजपूत समाज के अध्यक्ष प्रणपाल सिंह राजावत, पूर्व धर्म सभा अध्यक्ष बंसीलाल गुप्ता, छात्रवर्धन सिंह चंद्रावत, प्रखर सिंह खींची आदि शामिल हुए। इसके अलावा कुंवर चैन सिंह के बलिदान स्थल सीहोर के दशहरा बाग में भी हर वर्ष की तरह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उनके वंशज नरसिंहगढ़ राज परिवार के प्रतिनिधि पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिंह विशेष रूप से शामिल हुए।

### अवैध शराब के खिलाफ आबकारी टीम की कार्रवाई

# जलती हुई भट्टी नष्ट की, 60 हजार की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में शुक्रवार को आबकारी वृत्त गुना - 1 के प्रभारी राधाकिशन द्वारा ग्राम निर्भयगढ़, पिटाखेड़ी (मोहरी) एवं कुसमौदा गुना में दबिश दी गई। निर्भयगढ़ में नदी के किनारे एक चलती हुई भट्टी पकड़ी गई जो कि जंगल में काफ़ी अंदर चल रही थी। आरोपी व्यक्ति आबकारी बल को देखकर भाग निकला। मौके पर ही ड्रम एवं केनो में 250 किग्रा लाहन एवं 25 ली. हाथ भट्टी मदिरा चलती भट्टी से उतरती हुई जब्त की गई।

ग्राम पीटाखेड़ी मोहरी के नाले से लगभग 200 किग्रा गुड़ लाहन जब्त कर नष्ट किया। शहर में कुसमौदा से पन्नी पाउचों में भरा हुआ 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई जो की



आरोपी गुंजा पारदी पत्नी जगीरा पारदी एवं जसवीर पारदी के द्वारा बेची जा रही थी। उक्त कार्यवाही में कुल 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 450 कि. ग्रा. गुड़ लाहन जब्त किया गया। लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। जप्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 60,000 हजार रुपये है। 4 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्यवाही में आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, गोविंद सिंह मीना, अरुण कुमार शर्मा, कमल बरौदिया, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी, खुशबू रघुवंशी की भूमिका रही।

# नशे से दूरी है जरूरी: कुरावर में पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान 2.0




**कुरावर।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से नशों से रहो दूर 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कुरावर पुलिस ने टीआई जितेंद्र सिंह गुर्जर एवं एसआई करमवीर सिंह के मार्गदर्शन में प्रदीप बैरागी एवं पुलिस टीम के साथ होली एंजल्स किड्स एकेडमी, कुरावर में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान एसआई करमवीर सिंह ने विद्यार्थियों को सभी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि युवा स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज के लोगों को भी इस सामाजिक बुराई के प्रति जागरूक करें।यह विशेष अभियान पूरे मध्य प्रदेश में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं स्कूल पार्लियामेंट के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

# दिगम्बर जैन प्रीमियर लीग टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

दिगम्बर जैन यूथ विंग मंदसौर द्वारा प्रथम बार दिगम्बर जैन प्रीमियर लीग 2026 टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट का दो दिवसीय आयोजन 25 व 26 जुलाई को किया जा रहा है।

अभिलाष बाकलीवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया यह खेल महोत्सव दिगम्बर जैन समाज के महाकुंभ के रूप में उभर कर सामने आया है। महोत्सव का शुभारंभ उद्घाटन समारोह के रूप में हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि शांतिलाल जयकुमार बड़जात्या उपस्थित हुए, अध्यक्षता सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन ने की, विशेष



अतिथि के रूप में सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष अनिल जैन ने शिरकत की। साथ ही समाज के वरिष्ठ विजेन्द्र सेठी, नरेश दोशी,, नंदकिशोर अग्रवाल, अरविंद मेहता, अजय बाकलीवाल, नेमकुमार गांधी भी मंचासीन थे। सौरभ बड़जात्या व सौरभ बाकलीवाल ने नवकार मंत्र से मंगलाचरण किया। भगवान आदिनाथजी व आचार्य विद्यासागरजी महाराज के चित्र का अनावरण व दीप प्रज्वलन अतिथियों द्वारा किया गया। शांतिलाल बड़जात्या ने यूथ विंग के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन को समाज की एकता के लिए मील का पत्थर बताया। बड़जात्या ने कहा यूथ विंग द्वारा दिगम्बर जैन समाज के युवाओं को एक सूत्र में जोड़ने का अद्भुत कार्य किया है जो सराहनीय है। यूथ विंग के आगे आने से समाज में नई चेतना का संचार होगा। इस अवसर पर लोकेन्द्र जैन व अनिल जैन ने भी अपने विचार रखे। शुभारंभ समारोह का संचालन चंदा भरत कोठारी ने किया। शुभारंभ अवसर पर सर्वश्री सुरेश जैन, कमल विनायका, कोमल चन्द जैन, दिलिप जैन, विनोद सिंघल, अनिल बोहरा, देवेन्द्र बाकलीवाल, साक्षी जैन, अनुरेखा पाटनी, मंजु झांझरी, ज्योति बड़जात्या आदि उपस्थित थे।

# महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**मंदसौर।** सांदीपनि महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय मन्दसौर में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदनलाल राठौड़ ने अपने उद्बोधन में नशा मुक्ति के साथ ही व्यक्तित्व और जीवन में संस्कारों के समन्वय के महत्व को समझाया। विशेष अतिथि अनिल कियावत सदस्य जिला विकास समिति ने छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत करवाया गया। अन्य अतिथियों भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दूबेला व महिला मोर्चा की पुष्पा चौहान ने भी छात्राओं को संबोधन में अपने परिवार के लोगों को एवं स्वयं को नशे से दूर रखना एवं श्रेष्ठ जीवन के लिए मार्गदर्शन दिया। स्वागत उद्बोधन प्रभारी प्राचार्य राजेश रत्नावत ने दिया। मंचीय व्यवस्था सुरेश बोराना एवं कुंदन सांखला द्वारा सम्पन्न की गयी। कार्यक्रम संचालन महेश त्रिवेदी प्रधानाध्यापक द्वारा किया एवं आभार हामिद खान जैदी द्वारा किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में छात्राओं के साथ स्टाफ भी उपस्थित रहा।

